म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-04 फैक्स नं. : 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम

पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा–2023
(प्रथम चरण)

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : 12.08.2023 से 12.09.2023 तक

परीक्षा परिणाम तिथि : 07 मार्च 2024

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा–2023 (प्रथम चरण) का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग (कार्यपालिक) की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा (PCRT)–2023 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन दिनांक 12.08.2023 से 12.09.2023 तक म.प्र. के 12 शहरों (बालाघाट, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खंडवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, एवं सीधी) में किया गया था। इस परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार हैः–

1. पुलिस मुख्यालय द्वारा अंतिम रूप से उपलब्ध कराए गए सीधी भर्ती के कुल 7411 रिक्त पदों हेतु ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन किया गया था। कुल 58730 अभ्यर्थी द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए पात्र हुए हैं।
2. ऑनलाईन परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर उत्तरों को अंतिम रूप दिया गया, जिसके आधार पर नियमपुस्तिका के अध्याय–2 में उल्लेखित नियम क्रमांक 2.7 के अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।
3. परीक्षा संबंधी नियमपुस्तिका में उल्लेखित नियमों के प्रकाश में परिणाम जारी किया जा रहा है।
4. पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए नियम के अनुसार परीक्षा परिणाम की रोल नंबर क्रम में सूची, आरक्षण संबंधी समस्त नियमों के आधार पर तैयार कर चयन समिति की अनुशंसा हेतु पुलिस विभाग को उपलब्ध कराई जायेगी। उक्त सूची में रिक्त पदों के 7 गुना संख्या में अभ्यथियों को ऑनलाईन परीक्षा में प्राप्तांकों की प्रावीण्यता अनुसार द्वितीय चरण के लिए बुलाया जायेगा। श्रेणी अनुसार 7 गुना संख्या में अंतिम उम्मीदवार के बराबर अंक प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को द्वितीय चरण की परीक्षा का अवसर दिया गया है, भले ही कुल संख्या 7 गुना से अधिक हो जावे।
5. पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम में सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक नहीं दर्शाए गए हैं। चयन परीक्षा के समस्त चरण सम्पन्न होने के पश्चात् अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों का विवरण ई.एस.बी. की वेबसाइट पर प्रदर्शित/उपलब्ध कराया जायेगा।
6. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि, मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी व आवेदित पद से संबंधित जानकारियों के आधार पर पुलिस मुख्यालय के नियमानुसार परीक्षा परिणाम द्वितीय चरण की कार्यवाही के लिए तैयार किया गया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा समस्त पदों के लिए द्वितीय चरण की कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी।
7. ई.एस.बी. द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण–पत्र आदि नहीं मंगाए गए थे। अतः द्वितीय चरण के लिए योग्य आवेदकों की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों इत्यादि का सत्यापन व परीक्षण पुलिस मुख्यालय स्तर से किया जायेगा।
8. परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। जहाँ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम, द्वितीय चरण हेतु पात्र आवेदकों की पी.डी.एफ. प्राप्त कर सकते हैं।
9. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

07/3/24

भोपाल,
दिनांक : 07 मार्च 2024

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल

07/03/23